पेपर-आधारित NAPLAN - माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए जानकारी

NAPLAN
NATIONAL ASSESSMENT PROGRAM
Literacy and Numeracy

2020

2020 में आपका बच्चा/आपकीबच्ची पेपर-आधारित NAPLAN परीक्षाएँ देगा/देगी

संघीय, राजकीय और राज्य-क्षेत्रीय शिक्षा मंत्रियों ने इस बात के लिए सहमति दी है कि सभी स्कूल विद्यार्थियों की संलग्नता बढ़ाने के लिए बेहतर तथा अधिक यथार्थ आकलन प्रदान करने के उद्देश्य से वर्तमान में पेपर-आधारित NAPLAN परीक्षाओं से धीरे-धीरे NAPLAN ऑनलाइन में संक्रमण करेंगे।

राजकीय और राज्य-क्षेत्रीय शिक्षा प्राधिकारी यह निर्धारित करेंगे कि उनके स्कूल ऑनलाइन प्रारूप में संक्रमण कब करेंगे। वर्तमान योजना 2021 तक सभी स्कूलों को NAPLAN ऑनलाइन में संक्रमित करने की है।

विद्यार्थी NAPLAN परीक्षा क्यों देते हैं?

राष्ट्रीय आकलन कार्यक्रम - साक्षरता और आंकिकता [National Assessment Program – Literacy and Numeracy (NAPLAN)] स्कूल और जीवन में प्रगति करने के लिए हरेक बच्चे/बच्ची के लिए आवश्यक साक्षरता और आँकिक कुशलताओं का आकलन करता है।

वर्ष 3, 5, 7 और 9 के विद्यार्थी पठन, लेखन, भाषा-संबंधी प्रथाएँ (वर्तनी, व्याकरण और विराम-चिह्न) और आँकिकता के क्षेत्रों में वार्षिक NAPLAN परीक्षाओं में भाग लेते हैं।

यह आकलन माता-पिता और स्कूलों को परीक्षाओं के समय प्रत्येक विद्यार्थी के प्रदर्शन का स्तर समझने की सुविधा प्रदान करता है। NAPLAN स्कूल की आकलन और रिपोर्टिंग प्रक्रिया का सिर्फ एक ही पहलू है - यह शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा विद्यार्थी के प्रदर्शन के लगातार रूप से किए जाने वाले आकलन का स्थान नहीं लेता है।

NAPLAN स्कूलों, शिक्षण प्राधिकारियों और सरकारों को इस बारे में भी जानकारी प्रदान करता है कि शिक्षा कार्यक्रम कैसे काम कर रहे हैं और क्या युवा ऑस्ट्रेलियावासी साक्षरता और आँकिकता में महत्वपूर्ण शैक्षणिक परिणाम प्राप्त कर रहे हैं या नहीं।

NAPLAN के माध्यम से किन कुशलताओं का आकलन किया जाता है?

NAPLAN के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा स्कूल के अपने नियमित पाठ्यक्रम में सीखी जाने वाली साक्षरता और आँकिक कुशलताओं का आकलन किया जाता है। NAPLAN सामग्री के विकास में सभी सरकारी और गैर-सरकारी शिक्षा प्राधिकारियों ने योगदान दिया है।

भले ही विद्यार्थी ऑनलाइन या पेपर-आधारित प्रारूप में परीक्षाएँ दें, परंतु उनका आकलन साक्षरता और आँकिकता की एक-समान पाठ्यक्रम सामग्री के आधार पर किया जाता है। दोनों प्रारूपों के परिणामों को एक ही NAPLAN आकलन पैमाने पर रिपोर्ट किया जा सकता है।

मैं अपने बच्चे/अपनी बच्ची को तैयारी करने में सहायता कैसे दे सकता/सकती हूँ?

NAPLAN अपने-आप में ही ऐसी परीक्षा नहीं है जिसके लिए पढ़ाई की जा सके और विद्यार्थियों से ऐसा करने की आशा भी नहीं की जाती है।

अपने बच्चे/अपनी बच्ची की सहायता करने के लिए उसे आश्वासन दें कि NAPLAN उसके स्कूली कार्यक्रम का केवल एक हिस्सा है, और उस दिन उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की याद दिलाएँ।

ACARA NAPLAN के लिए अत्यधिक तैयारी करने या कोचिंग प्रदाताओं की सेवाओं का उपयोग करने का सुझाव नहीं देता है।

शिक्षकगण यह सुनिश्चित करेंगे कि विद्यार्थी परीक्षाओं में पूछे जाने वाले प्रश्नों के प्रकारों से परिचित हैं और उन्हें उचित समर्थन और मार्गदर्शन देंगे।

वेबसाइट nap.edu.au/naplan पर NAPLAN में पूछे जाने वाले प्रश्नों के उदाहरण देखें।

NAPLAN में प्रतिभाग

वर्ष 3, 5, 7 और 9 के सभी विद्यार्थियों से वार्षिक NAPLAN आकलन में भाग लेने की आशा की जाती है। विकलाँगता-ग्रस्त विद्यार्थी कक्षाओं में आकलन के लिए सामान्य रूप से प्रदान किए गए समर्थन को प्रदर्शित करने वाले समायोजन के पात्र हो सकते हैं। आपको अपने बच्चे/अपनी बच्ची के/की शिक्षक/शिक्षिका के साथ उसके लिए किसी भी समायोजन का प्रयोग किए जाने के बारे में बात करनी चाहिए।

आकलन में भाग लेने की क्षमता को गंभीर रूप से सीमित करने वाली विकलाँगता से ग्रस्त विद्यार्थी, या हाल ही में ऑस्ट्रेलिया आए गैर-अंग्रेज़ी भाषी पृष्ठभूमि के विद्यार्थी को औपचारिक छूट दी जा सकती है।

आपके स्कूल के प्रधानाचार्य और आपका स्थानीय परीक्षा प्रशासन प्राधिकरण आपको विशेष प्रावधानों या औपचारिक विमुक्ति प्राप्त करने के लिए आवश्यक प्रक्रिया के बारे में और अधिक जानकारी दे सकते हैं।

यदि मेरा बच्चा/मेरी बच्ची NAPLAN परीक्षाओं के दिन स्कूल से अनुपस्थित हो, तो क्या होगा?

यदि संभव हो, तो स्कूल परीक्षा के दिन अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों के लिए अपने परीक्षा कार्यक्रम के दौरान किसी अन्य समय में छूटी हुई परीक्षाओं को पूरा करने के लिए व्यवस्था कर सकते हैं। विद्यार्थियों को शुक्रवार 22 मई 2020 के बाद NAPLAN ऑनलाइन परीक्षा देने की अनुमति नहीं है।

मेरे बच्चे/मेरी बच्ची की उपलब्धि को कैसे इंगित किया जाता है?

प्रत्येक आकलन के लिए हरेक विद्यार्थी की व्यक्तिगत उपलब्धि को एक राष्ट्रीय उपलब्धि पैमाने (national achievement scale) पर इंगित किया जाता है। राष्ट्रीय न्यूनतम मानक (national minimum standard) का परिणाम यह इंगित करता है कि विद्यार्थी ने उस वर्ष के स्तर में पूरी तरह से भाग लेने के लिए आवश्यक आधारभूत साक्षरता और आँकिक कुशलताएँ प्रदर्शित की हैं।

वर्ष के अंत में आपके बच्चे/आपकी बच्ची के स्कूल द्वारा व्यक्तिपरक विद्यार्थी NAPLAN रिपोर्ट निर्गत की जाएगी। यदि आपको रिपोर्ट नहीं मिलती है, तो आपको अपने बच्चे के स्कूल से संपर्क करना चाहिए।

NAPLAN ऑनलाइन 2020 समय तालिका

पेपर-आधारित परीक्षाएँ मंगलवार 12 मई को आरंभ होंगी और शुक्रवार 15 मई 2020 को समाप्त होंगी।

नीचे दी गई तालिका में पेपर-आधारित परीक्षाओं के लिए समय-व्यवस्था आवश्यकताएँ दी गई हैं।

NAPLAN परिणामों का उपयोग कैसे किया जाता है?

- विद्यार्थी और माता-पिता शिक्षकगणों के साथ प्रगति के बारे में चर्चा करने के लिए व्यक्तिपरक परिणामों का उपयोग कर सकते हैं।
- शिक्षकगण परिणामों का उपयोग करके और अधिक चुनौतियों या अतिरिक्त सहायता से लाभ प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की पहचान बेहतर तरीके से कर सकते हैं।
- स्कूल परिणामों का उपयोग करके अपने शिक्षण कार्यक्रमों में प्रबलता के क्षेत्रों और सुधारों की पहचान कर सकते हैं तथा साक्षरता और आँकिकता-संबंधी लक्ष्य निर्धारित कर सकते हैं।
- स्कूल प्रणालियाँ परिणामों का उपयोग करके कार्यक्रमों और स्कूलों को उपलब्ध कराए जाने वाले समर्थनों की समीक्षा करती हैं।
- समुदाय के सदस्य वेबसाइट myschool.edu.au पर औसत स्कूल NAPLAN परिणाम देख सकते हैं

मुझे और अधिक जानकारी कहाँ से प्राप्त हो सकती है?

NAPLAN के बारे में और अधिक जानकारी के लिए:

- अपने बच्चे के स्कूल से संपर्क करें
- वेबसाइट nap.edu.au/TAA पर अपने स्थानीय परीक्षा प्रशासन प्राधिकरण से संपर्क करें
- वेबसाइट nap.edu.au पर जाएँ

ACARA NAPLAN के लिए व्यक्तिगत विवरण का उपयोग किस प्रकार करता है, इसके बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए वेबसाइट nap.edu.au/naplanprivacy पर जाएँ।

पेपर-आधारित परीक्षा	मंगलवार 12 मई	बुधवार 13 मई	बृहस्पतिवार 14 मई
भाषा-संबंधी प्रथाएँ यह परीक्षा वर्तनी, व्याकरण और विराम-चिह्नों का आकलन करती है।	वर्ष 3: 45 मिनट। वर्ष 5: 45 मिनट। वर्ष 7: 45 मिनट। वर्ष 9: 45 मिनट।		
लेखन विद्यार्थियों को 'लेखन प्रोत्साहन' दिया जाता है (एक विचार या विषय - जिसे कभी-कभी 'prompt' कहा जाता है) और एक विशेष शैली (genre) [कथनात्मक (narrative) या उत्प्रेरक लेखन (persuasive writing)] में उत्तर लिखने के लिए निर्देश दिया जाता है	वर्ष 3: 40 मिनट। वर्ष 5: 40 मिनट। वर्ष 7: 40 मिनट। वर्ष 9: 40 मिनट।		
पठन विद्यार्थी सूचनात्मक (informative), कल्पनात्पक (imaginative) और उत्प्रेरक (persuasive) पाठों को पढ़कर इनसे संबंधित प्रश्नों के उत्तर देते हैं		वर्ष 3: 45 मिनट। वर्ष 5: 50 मिनट। वर्ष 7: 65 मिनट। वर्ष 9: 65 मिनट।	
आँकिकता यह परीक्षा सँख्याओं (number) और बीजगणित (algebra), मापन (measurement) और ज्यामिति (geometry), तथा साँख्यिकी (statistics) और प्रायिकता (probability) का आकलन करती है			वर्ष 3: 45 मिनट। वर्ष 5: 50 मिनट। वर्ष 7: 65 मिनट। वर्ष 9: 65 मिनट।